## बिहार सरकार
## खेल विभाग
### :– संकल्प :–

सं० संख्या–5/खेल 7–12/2025–3807/ पटना, दिनांक–2...9..../2025

**विषयः–** **राज्य खेल अकादमी–सह–अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर में वर्त्तमान में निर्माणाधीन केवल अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) के द्वारा बिहार राज्य हेतु संबद्धता प्राप्त संस्था बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बी.सी.ए.) को रख रखाव एवं संचालन हेतु सौपनें की सैद्धांतिक स्वीकृति के संबंध में।**

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर (निर्माणाधीन) राज्य का एक महत्वपूर्ण स्टेडियम है। इस आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के फलस्वरूप राज्य में अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन हो सकेगा। साथ ही, इससे राज्य में क्रिकेट प्रतिभा तथा खेल के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

2. कला, संस्कृति एवं युवा विभाग स्वीकृत्यादेश सं0–587, दिनांक–03.02.2017 के आलोक में बिहार सरकार अपने संसाधन से राज्य खेल अकादमी–सह–अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर का निर्माण करा रही है।

3. खेल के क्षेत्र में बिहार राज्य ने व्यापक प्रगति की है। खेल के सभी विधाओं में राज्य के खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रशंसनीय है। उक्त स्टेडियम के निर्माण होने पर क्रिकेट से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में बिहार के युवाओं की सहभागिता बढ़ेगी। इसके निर्माण होने के उपरांत राज्य में कई अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन संभव होगा। जिससे राज्य के क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा एवं राज्य की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

4. अध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा राज्य खेल अकादमी–सह–अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर में वर्त्तमान में निर्माणाधीन केवल अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के रख रखाव एवं संचालन हेतु सौंपने का अनुरोध किया गया है।

5. अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर में मैच के आयोजन से क्रिकेट स्टेडियम का रख रखाव/संचालन हो सकेगा एवं राज्य सरकार को इससे अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति भी होगी। उक्त स्टेडियम के क्रियान्वयन/रख रखाव एवं संचालन हेतु अनुदेश/शर्त्तें भविष्य में खेल विभाग, बिहार, पटना द्वारा वित्त विभाग, बिहार, पटना एवं भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा।

6. राज्य खेल अकादमी–सह–अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर में वर्त्तमान में निर्माणाधीन केवल अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) के द्वारा बिहार राज्य हेतु संबद्धता प्राप्त संस्था बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बी.सी.ए.) को रख रखाव एवं संचालन हेतु सौंपने की सैद्धांतिक स्वीकृति दिनांक–02.09.2025 की मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–44 में प्राप्त है।

आदेशः— आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराये जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।

(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक—5/खेल 7—12/2025—3807 पटना, दिनांक—2.9..../2025

प्रतिलिपि :—अवर सचिव, ई—गजट कोषांग, गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना—80007 को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इस संकल्प की 500 प्रतियाँ इस विभाग में भेजने की कृपा की जाय।

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक—5/खेल 7—12/2025—3807 पटना, दिनांक—2.9..../2025

प्रतिलिपि :—महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षक), बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक—5/खेल 7—12/2025—3807 पटना, दिनांक—2.9..../2025

प्रतिलिपि :—मुख्य सचिव, बिहार/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/अध्यक्ष/सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन/सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा/सभी जिला खेल पदाधिकारी/सभी अधीक्षक, शारीरिक शिक्षा/सभी उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा एवं संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।